दिन– बुधवार दिनांक– 30/10/2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 03:10 बजे से। अवधि – 05 मिनट

---

केंद्रीय गृह सचिव गोविंद मोहन ने कहा है कि राष्ट्रीय आपदा मोचन बल–एनडीआरएफ ने पिछले एक वर्ष में नौ सौ से ज्यादा बचाव कार्यों का सफलतापूर्वक संचालन किया है। नई दिल्ली में शहीद स्मृति समारोह के अवसर पर शहीदों को श्रद्धांजलि देते हुए श्री मोहन ने कहा कि इस एक वर्ष में एनडीआरएफ जवानों ने तीन हजार से अधिक लोगों को बचाया है। केंद्रीय गृह सचिव ने कहा कि एनडीआरएफ नागरिकों के भरोसे और विश्वास का प्रतीक बनकर उभरा है।

————————————————————————

भारतीय रिजर्व बैंक ने विदेशी मुद्रा भंडार के प्रबंधन पर इस वर्ष अप्रैल से सितम्बर तक की तैंतालीसवीं अर्द्धवार्षिक रिपोर्ट प्रकाशित की है। रिपोर्ट के अनुसार अठारह अक्टूबर, दो हजार चौबीस को भारत का विदेशी मुद्रा भंडार छह सौ अट्ठासी दशमलव दो–सात अरब अमरीकी डॉलर था।

————————————————————————

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने राजमार्गों पर गश्ती को प्रभावी बनाने के लिए आज अड़तीस गश्ती वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। पटना में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान ये गश्ती वाहन जनता की सेवा में सौंप दिये गये। इसका उद्देश्य सड़क सुरक्षा को मजबूत करना और यातायात व्यवस्था को सूचारू बनाना है। इस अवसर पर वित्त मंत्री विजय कुमार चौधरी, पुलिस महानिदेशक आलोक राज समेत कई वरीय अधिकारी उपस्थित थे।

————————————————————————

राज्य के चार विधानसभा क्षेत्रों इमामगंज, बेलागंज, तरारी और रामगढ़ उप चुनाव के लिए आज नाम वापसी का अंतिम दिन है। अभी तक किसी भी उम्मीदवार के नामांकन वापस लेने की सूचना नहीं प्राप्त हुयी है। इन चार सीटों पर पचास उम्मीदवारों ने नामांकन पत्र भरे थे, जिनमें चौवालीस नामांकन वैध पाये गये। इन सीटों

पर उप चुनाव के लिए मतदान तेरह नवंबर को होगा जबकि मतों की गिनती तेईस नवम्बर को की जायेगी।

———————————————————————

राज्य सरकार ने कहा है कि पूर्व केंद्रीय मंत्री पशुपति कुमार पारस की पार्टी के कार्यालय के मामले में नियम के अनुसार कार्रवाई की गयी है। भवन निर्माण मंत्री जयंत राज ने बताया कि राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी का राज्य स्तरीय पार्टी का दर्जा समाप्त होने के चलते नियम के तहत ही कार्यालय छोड़ने को कहा गया है। इधर, पटना उच्च न्यायालय ने श्री पारस को इस मामले में राहत दी है। न्यायालय ने जबरन पार्टी कार्यालय खाली कराने पर रोक लगाते हुए कार्यालय खाली करने के लिए दो सप्ताह की मोहलत दी है।

———————————————————————

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज पटना में खाद्य और उपभोक्ता संरक्षण मंत्री लेशी सिंह से उनके आवास पर मुलाकात की और उनके स्वास्थ्य के बारे में जानकारी ली। लेशी सिंह पिछले दिनों पूर्णिया में एक विद्यालय के निरीक्षण के दौरान हादसे में घायल हो गयी थी।

———————————————————————

भारतीय रेलवे दीपावली और छठ पूजा के त्यौहारों के दौरान यात्रियों की भीड़ को देखते हुए सात हजार विशेष रेलगाड़ियों का परिचालन कर रहा है। रेलवे पिछले वर्ष की तुलना में इस वर्ष ढाई हजार अतिरिक्त रेलगाड़ियां चला रहा है। इसके साथ प्रमुख स्टेशनों पर अतिरिक्त टिकट काउंटर, टिकट वेंडिंग मशीनें, पूछताछ काउंटर, खान–पान सेवाएं, पीने का पानी और मोबाइल शौचालय भी स्थापित किए गए हैं। इधर, छठ पूजा के बाद वापसी करने वाले लोगों की सुविधा के लिए रेलवे ने पटना जंक्शन, राजेंद्र नगर टर्मिनल, दानापुर और पाटलिपुत्र स्टेशनों पर होल्डिंग एरिया बनाने का निर्णय लिया है। साथ ही भीड़ प्रबंधन के लिए आठ से दस नवम्बर तक इन स्टेशनों पर प्लेटफार्म टिकट की बिक्री बंद रहेगी।

———————————————————————

दीपावली का त्योहार कल पूरे उल्लास और पारंपरिक श्रद्धा के साथ मनाया जाएगा। इसे लेकर बाजारों में रौनक बढ़ गयी है। विभिन्न स्थानों पर लोग

लक्ष्मी–गणेश की मूर्तियां, मिट्टी के दीये, खिलौने और पूजन सामाग्री की खरीदारी कर रहे हैं। लोक जनशक्ति पार्टी, रामविलास के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान ने आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की और उन्हें दीपावली की शुभकामनाएं दी।

———————————————————

सुप्रसिद्ध लोक गायिका और पद्मभूषण शारदा सिन्हा का स्वास्थ्य स्थिर बना हुआ है। दिल्ली एम्स में उनका इलाज चल रहा है। उनके पुत्र अंशुमान ने आज महापर्व छठ को समर्पित उनके गीतों का ऑडियो रिलीज किया। श्री अंशुमान ने बताया कि शारदा सिन्हा इस गीत का वीडियो शूट स्वयं करना चाहती थीं, लेकिन स्वास्थ्य ठीक नहीं रहने के कारण ये नहीं हो सका।

———————————————————

अररिया जिले के सिमराहा, कुर्साकांटा और रानीगंज थाना क्षेत्र से पुलिस ने भारी मात्रा में शराब और प्रतिबंधित सीरप के साथ तीन तस्करों को गिरफ्तार किया है।

———————————————————

बेगूसराय की एक स्थानीय अदालत ने स्पीडी ट्रायल चलाकर पॉक्सो एक्ट के तहत एक आरोपी को आजीवन कारावास के साथ पचास हजार रुपये अर्थदण्ड की सजा सुनाई है।

———————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ। एक छोटे अंतराल के बाद आप सुनेंगे उर्दू बुलेटिन।